।।ॐ।।

हिमाचल शिक्षा समिति

सरस्वती विद्या मन्दिर हिम रश्मि परिसर विकासनगर, शिमला-171009,हि0प्र0

दूरभाष-0177-2620813, 2620814

www. shikshasamiti.org,E-mail: himachalshikshasamitishimla@gmail.com

दिनांक : 23.09.2018

प्रैस विज्ञप्ति

हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मन्दिरों की दो दिवसीय राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ सुन्नी में शिमला ग्रामीण भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष पारूल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना से किया गया। मुख्यातिथि पारूल शर्मा ने खिलाड़ियों का सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल का छात्र जीवन में बहुत महत्व है। स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकता है।

हिमाचल शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती सरस्वती विद्या मन्दिरों के माध्यम से सम्पूर्ण देश भर में छात्रों के सर्वांगीण विकास में लगी है। खेलकूद का आयोजन भी इसी का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि खेलों से खिलाड़ियों को अपने अन्दर की कमियों को दूर करने का अवसर मिलता है तथा खेलों से आत्मविश्वास, उत्साह व चुनौतियों का मुकाबला करने की ताकत पैदा होती है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती देश भर में सरस्वती विद्या मन्दिरों का संचालन कर रही है और प्रतिवर्ष विद्यालय स्तर से लेकर अखिल भारतीय स्तर तक खेलों का आयोजन करती है। स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विद्या भारती को एक राज्य की स्थाई मान्यता प्राप्त है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन व खेल मर्यादा के अनुसार स्पर्धाओं में भाग लेने का आवाह्न किया।

उद्घाटन अवसर पर सरस्वती विद्या मन्दिर की ततापानी के छात्र-छात्राओं ने पहाड़ी संस्कृति की शान नाटी ''सीते बे राम बोलो खशिया यारा एक मरीने रे ना बूटे, पार बोलो ढ़ांको गा रीढुवा तेरे, छुटी रै नैई आमा काटणे धैड कारगिले लागे लड़ाए, धाटू आलिये कमलुवे तेरा लागा नाचणा प्यारा हो, नाटी नाची सिरमौरा वालिये, नाचदै आवै लै लाड़ी गुडिये, सुण बांकी चन्द्रा, रीजा पांदे घ्मणा उबे जाखू रे नजारे प्यारी रूमबतिये'' की सुन्दर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताएं अन्डर 11, 14, 17,19 वर्ग में भैया व बहिनों की आयोजित की जा रही हैं। इस खेलकूद में प्रदेश के 9 जिलों शिमला, मण्डी, सोलन, सिरमौर, किन्नौर, बिलासपुर, कुल्लू, ऊना व कांगड़ा के 270 खिलाड़ी भैया व बहिन भाग ले रहे हैं।

रस्वती विद्या मन्दिर
सुन्नी, जिला शिमला (हि.प्र.)
हार्दिक अभिनन्दन करता है ।
।।ॐ।।
हिमाचल शिक्षा समिति
(सम्बद्ध विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान)
द्वारा
भाऊराव देवरस जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित
30वां राज्य स्तरीय खेलकूद समारोह